# Induction of Batch 2014-16 MBA Agribusiness at FMS, BHU (RGSC, Barchha, Mirzapur)




### शिक्षकों की पहल पर एमबीए एग्री बिजनेस के छात्रों ने ली जिम्मेदारी, फैकल्टी करेगी बजट का इंतजाम

## प्रबंध संकाय में बन रहा मेडिसीन पार्क

मिर्जापुर | निज संवाददाता

काशी हिंदू विश्वविद्यालय के बरकछा स्थित राजीव गांधी दक्षिणी परिसर के एमबीए एग्री बिजनेस छात्र-छात्राओं ने संकाय के परिसर में खुद एक नया पार्क तैयार करेंगे। इसका नाम होगा मेडिसीन पार्क। इसमें छात्र स्वास्थ्य को अधिक लाभ पहुंचाने वाले पौधे लगाएंगे और इनकी सुरक्षा और विकास की जिम्मेदारी खुद निभाएंगे। उनके इस कार्य में संकाय के शिक्षक भी मदद करेंगे।

शनिवार को सत्रारम्भ के पहले दिन ओएसडी प्रो.आरपी सिंह एवं प्रबंध संकाय के प्राध्यापक दृगबिंदु मणि सिंह की देखरेख में सत्र-2015-16 के छात्र-छात्राओं ने अपने अध्ययन काल को यादगार बनाने के लिए मेडिसीन पार्क की आधारशिला रखी। पहले दिन महिला छात्रावास एवं सड़क के मध्य खाली अनुपयोगी भूमि को जेसीबी से समतल कराने के बाद पौधरोपण किया गया। इस पार्क में एक छोटा सा तालाब का भी निर्माण कराया जाएगा, जिसमें बरसात के पानी को संरक्षित कर पौधों की सिंचाई की जाएगी। पार्क में सतावर, आंवला, कठजामुन, घृत कुमारी के अलावा अन्य स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद पौधे लगाए जाएंगे। पार्क में बैठने के लिए बेंच का भी निर्माण कराया जाएगा, ताकि छात्र-छात्राएं अध्ययन से खाली होने के बाद पार्क के हरेभरे वातावरण का आनंद उठा सकें। इसके रखरखाव के लिए बजट का इंतजाम करने की योजना प्रबंध संकाय ने खुद तैयार की है।





साउथ कैंपस में आयोजित कार्यक्रम श्रृजन में कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं और उपस्थित छात्र-छात्राएं • हिन्दुस्तान

## 'श्रृजन' में प्रबंध के छात्र-छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

मिर्जापुर | निज संवाददाता

काशी हिंदू विश्वविद्यालय के बरकछा स्थित राजीव गांधी दक्षिणी परिसर में शनिवार को प्रबंध संकाय के नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं की तरफ से आयोजित श्रृजन कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बेहतर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर शिक्षक-शिक्षिकाओं की काफी तालियां बटोरी। छात्र-छात्राओं ने गीत एवं नृत्य के साथ ही भावपूर्ण अभिनय कर अपनी प्रतिभा प्रस्तुत करने में सफल रहे।

### रंगारंग कार्यक्रम

कार्यक्रम के आरम्भ में साउथ कैंपस के ओएसडी प्रो. राम प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलन के बाद महामना पं. मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद एमबीए एग्री बिजनेस पाठ्यक्रम के कोर्स को-आर्डिनेटर प्रो. एचपी माथुर ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कहा कि छात्र-छात्राएं केवल डिग्री के लिए शिक्षा ग्रहण न करें बल्कि देश निर्माण के लिए बेहतर नागरिक बनें। इसके लिए ईमानदारी एवं लगन आवश्यक है। तभी वे देश के बेहतर नागरिक बन सकेंगे। ओएसडी प्रो. राम प्रताप सिंह, डा. सुभाष सिंह और मोनसेंटो इण्डिया के प्रबंधक सुबोध गुप्ता ने भी छात्र-छात्राओं को कठोर परिश्रम कर मंजिल हासिल करने की नसीहत दी। डा. दृगबिंदु मणि सिंह ने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय के नियमों की जानकारी दी। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत कर शिक्षक-शिक्षिकाओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। संचालन इरफान अहमद खान और आभार डा. आशीष सिंह ने व्यक्त किया। इस मौके पर विवेक रंजन सिंह, श्वेता सिंह, डा. भालेंद्र सिंह, डा. सोमू सिंह, डा. मुकेश कुमार चौहान, सुनीता सिंह, शार्दुल चौबे, सिद्धार्थ त्रिपाठी आदि रहे।

# प्राण वायु के लिए पर्यावरण का संरक्षण आवश्यक : प्रो.राम प्रताप सि

## दक्षिणी परिसर में मैनेजमेंट पार्क की हुई स्थापना, एमबीएम एग्री बिजनेस द्वारा सृजन-2014 का हुआ आयोजन

मीरजापुर। काशी हिन्दू विश्व विद्यालय के बरकछा स्थित राजीव गांधी दक्षिणी परिसर में विशेष कार्याधिकारी प्रो. राम प्रताप सिंह, प्रो. एनपी माथुर पाठ्यक्रम समन्वयक एमबीए एग्री बिजनेस, दक्षिणी परिसर के छात्र सलाहकार दुर्गाबिन्दु मणि सिंह के सानिध्य में मैनेजमेंट पार्क की स्थापना की पहल की गयी। परिसर के एमबीए एग्री बिजनेस के शिक्षकों एवं छात्रों ने वृक्षारोपण कर इस नवीन मैनेजमेंट पार्क के माध्यम से प्रकृति एवं पृथ्वी के संरक्षण में अपनी कटिबद्धता प्रकट की। भविष्य में इस मैनेजमेंट पार्क में प्रबंधन के सिद्धांतों को दर्शाने वाली आकृतियों के आधार पर वृक्षारोपण किया जायेगा। इस उद्यान में फौव्वारे एवं मैनेजमेंट क्लब बनाने की भी योजना है। एमबीएम एग्री बिजनेस के नव प्रवेशु विद्यार्थियों के लिए परिचय समारोह सृजन-2014 का आयोजन किया गया। प्रो. एनपी माथुर ने नव प्रवेशु विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सुखद संयोग है कि जो छात्र स्वयं अंकुरित हो रहे है, वे वृक्षारोपण



पौधरोपण करते ओएसडी प्रो. राम प्रताप सिंह व अन्य

कर पौधों को जीवन दे रहे है। प्रो. माथुर ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ईमानदारी और लगन जीवन में आगे बढ़ने के लिए बेहद आवश्यक है। अध्यक्षीय संबोधन में प्रो. राम प्रताप सिंह ने पढ़ाई के साथ वातावरण को भी पढ़ने और उनसे भी सीखने की सीख दी। प्रो. राम प्रताप सिंह



नव प्रवेशु विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रो. एनपी माथुर,



कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राएं और अन्य

ने कहा कि जीवन में शुद्ध वायु ही प्राण वायु है और निरंतर प्राण वायु पाने हेतु पर्यावरण और प्रकृति का संरक्षण आवश्यक है। डा. सुभाष प्रताप सिंह और मोनसेण्टो इण्डिया के मैनेजर सुबोध गुप्ता ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन डा. आशीष सिंह तथा कार्यक्रम का संचालन इरफान अहमद खान ने किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने गीतों व नृत्य की शानदार प्रस्तुति कर सबको मंत्र मुग्ध कर दियां। इस अवसर पर विवेक रंजन सिंह, श्वेत भालेन्द्र सिंह, डा. सोमू सिं कुमार चौहान, सुनीता सिं चौबे, सिद्धार्थ त्रिपाठी उप

# मैनेजमेंट पार्क की स्थापना का शुभारंभ

अमर उजाला ब्यूरो

बरकछा स्थित राजीव गांधी दक्षिणी परिसर में किया गया पौधरोपण

**मिर्जापुर।** बरकछा स्थित राजीव गांधी दक्षिणी परिसर में शनिवार को मैनेजमेंट पार्क की स्थापना की पहल आरंभ हुई। विशेष कार्याधिकारी प्रो. राम प्रताप सिंह और एमबीए एग्रीबिजनेस के पाठ्यक्रम समन्वयक प्रो. एचपी माथुर ने पौधरोपण किया। छात्रों ने भी पौधरोपण कर प्रकृति एवं पृथ्वी संरक्षण के प्रति कटिबद्धता प्रकट की। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने गीत और नृत्य प्रस्तुति किया।

प्रो. आरपी सिंह ने कहा कि भविष्य में इस मैनेजमेंट पार्क में प्रबंधन के सिद्धांतों को दर्शाने वाली आकृतियों के आधार पर पौधरोपण किया जाएगा। इस उद्यान में फव्वारों और मैनेजमेंट क्लब बनाने की भी योजना है। एमबीए एग्री बिजनेस के नव प्रशिक्षुओं के लिए परिचय समारोह सृजन 2014 का आयोजन किया गया है। प्रो. एचपी माथुर ने नव प्रवेशु विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सुखद संयोग है कि जो छात्र स्वयं अंकुरित हो रहे हैं। वे पौधरोपण कर लोगों को जीवन दे रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण बहुत ही जरूरी है।

डा. सुभाष प्रताप सिंह ने छात्रों को संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन डा. आशीष कुमार सिंह और संचालन इरफान अहमद खान ने किया। इस अवसर पर दृगबिंदुमणि सिंह, विवेक रंजन सिंह, श्वेता सिंह, डा. भालेंदु कुमार सिंह, डा. सोमु सिंह, डा. मुकेश कुमार चौहान, सुनीता सिंह, डा. शार्दुल चौबे, सिद्धार्थ कुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# जीवन में शुद्ध वायु ही प्राण वायु : प्रो. माथुर

**मिर्जापुर (एसएनबी)।** राजीव गांधी दक्षिणी परिसर, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में शनिवार को दक्षिणी परिसर के विशेष कार्याधिकारी प्रो. रामप्रताप सिंह, प्रो. एचपी माथुर, पाठ्यक्रम समन्वयक, एमबीए एग्रीबिजनेस दक्षिणी परिसर के छात्र सलाहकार दृगविन्दुमणि सिंह के सानिध्य में 'मैनेजमेंट पार्क' की स्थापना की पहल की गयी।

परिसर के एमबीए एग्रीबिजनेस के शिक्षकों एवं छात्रों ने पौधरोपण कर इस नवीन 'मैनेजमेंट पार्क' के माध्यम से प्रकृति एवं पृथ्वी के संरक्षण अपनी कटिबद्धता प्रकट की। भविष्य में इस मैनेजमेंट पार्क में प्रबंधन के सिद्धांतों को दशनि वाली आकृतियों के आधार पर पौधरोपण किया जायेगा। इस उद्यान में फौव्वारे एवं मैनेजमेंट क्लब बनाने की भी योजना है। एमबीए एग्रीबिजनेस के नव प्रवेश विद्यार्थियों के लिए परिचय समारोह 'श्रृजन-2014' का आयोजन किया गया। प्रो. माथुर ने नव प्रवेश विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह सुखद संयोग है कि जो छात्र स्वयं अंकुरित हो रहे हैं वे पौधरोपण कर पौधों को जीवन दे रहे है। वही छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इमानदारी और लगन जीवन में आगे बढ़ने के लिए बेहद आवश्यक है। अध्यक्षीय सम्बोधन में प्रो. सिंह ने पढ़ाई के साथ-साथ वातावरण को भी पढ़ने और उनसे भी सीखने की सीख दी। उन्होंने कहा कि जीवन में शुद्ध वायु ही प्राण वायु है और निरंतर प्राणवायु पाने के लिए पर्यावरण और प्रकृति का संरक्षण आवश्यक है। डा. सुभाष प्रताप सिंह और मोनसेंटो इण्डिया के मैनेजर सुबोध गुप्ता नें भी विद्यार्थियों को सम्बोधित किया। इस मौके पर विवेक रंजन सिंह, श्वेता सिंह, डा. भालेन्द्र सिंह, डा. सोनू सिंह, डा. मुकेश कुमार चौहान, सुनीता सिंह, डा. शार्दुल चौबे, सिद्धार्थ त्रिपाठी रहे। धन्यवाद ज्ञापन डा. आशीष सिंह व संचालन इरफान अहमद खान ने किया।